# FIRST DEGREE PROGRAMME
# IN HINDI

## (2013 ADMISSIONS)

## PATTERN OF QUESTION PAPER
## AND
## MODEL QUESTION PAPER

## FOR SEMESTER 1

# Model Question Paper
**FIRST SEMESTER B. Com. DEGREE EXAM**
**First Degree Programme Under CBCSS**
**HINDI LANGUAGE AND LITERATURE**
**Common Course – Hindi Language**
## HN 1111.2 PROSE, COMMERCIAL HINDI & LETTER WRITING
**(2013 Admission)**

Time: 3 Hrs. Marks: 80

**I निर्देशः एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए।** **(10 x 1 =10)**

1 बुधिया किसकी पत्नी थी?
2 'क्रोध' किसकी रचना है?
3 जगदीश्वर की अत्युत्तम तथा सर्वश्रेष्ठ कृति क्या है?
4 'ताज' नामक निबंध रघुवीरसिंह की किस रचना से लिया गया है?
5 'चिंतामणि' किसकी रचना है?
6 'कफ़न' में किस वर्ग के लोगों का चित्रण है?
7 'स्त्री महज त्वचा है' पाठ का विषय क्या है?
8 चाँद सरकार ने भारत सरकार से कौन-सी मदद माँगी?
9 प्रेषिती किसे कहते हैं?
10 व्यावसायिक पत्र किसप्रकार के आलेखन के अन्तर्गत आता है?

**II निर्देशः किन्हीं आठ प्रश्नों के लघु उत्तर (करीब 50 शब्दों में) दीजिए।** **(8 x 2 =16)**

11 प्रेमचंद की कहानियों का मुख्य विषय क्या-क्या हैं?
12 'चिंतामणि' के निबंधों की विशिष्टता क्या है?
13 शाहजहाँ के आँसू कैसे चिरस्थायी हो गये?
14 परसाई जी के निबंधों की विशेषता क्या है?
15 अदालतों में किसप्रकार के गवाहों की गवाही मान लेती है?
16 लेखक के अनुसार नए सौंदर्यशास्त्र की आधारशिलाएँ क्या हैं?
17 घीसू और माधव के बारे में उनके गाँववाले क्या कहते थे?
18 चाँद में मातादीन क्या काम करता था?
19 प्रारंभिक आलेखन के अन्तर्गत कौन-कौन-से पत्र आते हैं?
20 पत्र-लेखन का महत्व क्या है?
21 व्यावसायिक पत्र की भाषा कैसी होनी चाहिए?
22 वैयक्तिक पत्र की विशेषता क्या है?

**III निर्देशः किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर करीब 120 शब्दों में दीजिए।** **(6 x 4 = 24)**

23 मातादीन चाँद की पुलिस व्यवस्था में कौन-सा परिवर्तन लाया?
24 ताजमहल का विशेष महत्व क्या है?
25 'स्त्री महज त्वचा है' नामक लेख का व्यंग्य क्या है?
26 'क्रोध' नामक निबंध की विशेषता क्या है?
27 'सब कुछ आ जायेगा। भगवान दे तो!' यह किसका कथन है? इसका मतलब क्या है?

28 ‘समूचा प्रसाधन तंत्र मूलतः एक खाल-तंत्र में तब्दील हो गया है।’ लेखक क्यों ऐसा कहते हैं?

29 दुःख कैसे क्रोध में परिवर्तित होता है?

30 ‘प्रेमचंद हिंदी के कथा-सम्राट है।’ इस कथन पर अपना विचार प्रकट कीजिए।

31 ताजमहल के उद्घाटन समारोह के संबंध में लेखक का विचार क्या है?

**IV निर्देशः किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर करीब 250 शब्दों में दीजिए। (2 x 15 = 30)**

32 ‘कफ़न’ कहानी का सारांश लिखिए।

33 ताजमहल के सौंदर्य ने लेखक को कैसे अभिभूत कर दिया?

34 ‘स्त्री महज त्वचा है’ पाठ में व्यक्त किये गये विचारों का परिचय दीजिए।

35 दो दिन की छुट्टियाँ माँगते हुए अपनी संस्था के प्राचार्य के नाम एक पत्र लिखिए।

## Model Question Paper

**FIRST SEMESTER BA/B SC DEGREE EXAM**
**First Degree Programme Under CBCSS**
**HINDI LANGUAGE AND LITERATURE**
**Common Course – Additional Language 1 – Hindi**

## HN 1111.1 PROSE AND GRAMMAR (2013 Admission)

Time: 3 Hrs. Marks: 80

**I निर्देश: एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए।** **(10 x 1 =10)**

1 सर्वनाम किसे कहते हैं?
2 सहायक क्रिया किसे कहते हैं?
3 क्रिया में रूपान्तर किन-किन कारणों से होता है?
4 हल् किसे कहते हैं?
5 वर्ण किसे कहते हैं?
6 'त्यागमूर्ति निराला' किस विधा की रचना है?
7 भारतीय संस्कृति का मूलाधार किस पर स्थापित रहा है?
8 निराला की दीनबंधुता को निगोड़ी दुनिया ने क्या संज्ञा दे डाली?
9 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने भारतीय संस्कृति को किससे उपमित किया है?
10 'होली और ओणम' किसकी रचना है और लेखक किस प्रदेश के हैं?

**II निर्देश: किन्हीं आठ प्रश्नों के लघु उत्तर (करीब 50 शब्दों में) दीजिए।** **(8 x 2 =16)**

11 'वे बहादुरी से बिके' में किसपर करारा व्यंग्य किया गया है?
12 हरिशंकर परसाईजी को प्रतिष्ठित लेखक के साथ बैठने में दिक्कत क्यों थी?
13 होली और ओणम दोनों उत्सवों के पीछे की पुराण कथाएँ कौन-कौन सी है?
14 मुंशीजी के कारखाने से उपहार स्वरूप मिली चीज़ों का निरालाजी ने क्या किया?
15 नर्मदा को मेकल सुता क्यों कहा जाता है?
16 स्वर और व्यंजन में क्या अंतर है?
17 विकारी शब्द किसे कहते हैं? हिंदी के विकारी शब्द कौन-कौन से हैं?
18 भाववाचक संज्ञाएँ किन-किन शब्द भेदों से बनती हैं? सोदाहरण समझाइए।
19 हिंदी में शब्दों के लिंग निर्णय में कठिनाई क्यों उपस्थित होती है?
20 करण कारक और अपादान कारक में क्या अंतर है?
21 प्रेरणार्थक क्रिया कैसे बनती है?
22 भोला बाबू के दुःख का क्या कारण था?

**III निर्देश: किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर करीब 120 शब्दों में दीजिए।** **(6 x 4 = 24)**

23 "इन विभिन्नताओं को देखकर अगर अपरिचित आदमी घबराकर कह उठे कि यह एक देश नहीं, अनेक देशों का एक समूह है....... तो इसमें आश्चर्य की बात नहीं।" भारत की किन-किन विभिन्नताओं की ओर इस लेख में बताया गया है?

24 "शायद समारोह के संयोजक अफ़सर पहली पंक्ति की एक कुरसी का कांप्लिमेंटरी टिकट महाबलि को देकर बात समाप्त कर दें।" सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

25 "हज़ार-हज़ार क्यों? तीन-तीन हज़ार खरीदना चाहिए। सेक्रेटरी से कहना।" सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

26 'निरालाजी वास्तव में निराले ही थे' – निरालाजी के निराले व्यवहार के दो उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

27 नर्मदा यात्रा के दौरान लेखक और सहयात्रियों के ठहरने और खाने-पीने का इन्तज़ाम कैसे होता था?

28 क्रियाओं के कितने काल माने जाते हैं? भूतकाल के भेदों को सोदाहरण समझाइए।

29 सहायक क्रिया और रंजक क्रिया के अंतर को सोदाहरण समझाइए।

30 सर्वनाम के भेदों को सोदाहरण समझाइए।

31 संख्यावाचक और परिमाणवाचक विशेषण के भेदों को सूचित करते हुए इनके अंतर को समझाइए।

**IV निर्देश: किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर करीब 250 शब्दों में दीजिए।** (2 x 15 = 30)

32 'सुख' कहानी का सार प्रस्तुत करते हुए बताइए कि इस कहानी की रचना करके कहानीकार क्या बताना चाहते हैं?

33 विभिन्नताओं के बावजूद भारतीय संस्कृति में एकता का भाव है।" पठित निबंध के आधार पर सिद्ध कीजिए।

34 कारक किसे कहते हैं? कारक के भेदों को सोदाहरण समझाइए।

35 वाच्य किसे कहते हैं? हिंदी में कितने वाच्य हैं? सोदाहरण समझाइए।

**Model Question Paper**

**FIRST SEMESTER BA/B SC DEGREE EXAM**

**First Degree Programme Under CBCSS**

**HINDI LANGUAGE AND LITERATURE**

**Core Course – I**

**HN 1141.1 PROSE (2013 Admission)**

Time: 3 Hrs. Marks: 80

**I निर्देशः एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए।** **(10 x 1 =10)**

1 रामचन्द्र शुक्ल जी के निबंधों की मुख्य विशेषतायें कौन-कौन सी है?
2 रामवृक्ष बेनीपुरी का जन्म कब और कहाँ हुआ?
3 'गिल्लू' शीर्षक संस्मरण महादेवी वर्मा के किस संकलन से लिया गया है?
4 रघुवीर सिंह की प्रमुख रचनाएँ कौन-कौन सी है?
5 हिंदी साहित्य को हरिशंकर परसाई की मुख्य देन क्या है?
6 प्रेमचंद को अपनी गणित की पुस्तक क्यों बेचनी पड़ी?
7 कमला से लेखिका की पहली मुलाकात कहाँ हुई थी?
8 "यह अजीब-सा यात्री कौन है जिसकी पदछाप हमेशा पहाड़ों में सुनाई दे जाती है" –यह कथन किस यात्रावृत्त का है? इसका लेखक कौन है?
9 'स्त्रीघर' किसप्रकार की साहित्यिक विधा है? इसकी लेखिका कौन है?
10 'नीलकंठः मोर' साहित्य के किसप्रकार की रचना है? उस विधा की परिभाषा दीजिए।

**II निर्देशः किन्हीं आठ प्रश्नों के लघु उत्तर (करीब 50 शब्दों में) दीजिए। (8 x 2 =16)**

11 आचार्य रामचन्द्र शुक्लजी के अनुसार दुःख और क्रोध में क्या अंतर है?
12 लेखिका का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करने केलिए गिल्लू क्या-क्या करता था?
13 "नए समाज का भविष्य महान है, नई संस्कृति का भविष्य महान है" - रामवृक्ष बेनीपुरी का यह कथन कहाँ तक संगत है?
14 सतीदेवी के जल मरने पर शिवजी की स्थिति कैसे बदल गई?
15 रामधारी सिंह 'दिनकर' के अनुसार नेता में किन-किन गुणों की ज़रूरत है?
16 शिवजी की बारात का वर्णन कीजिए।
17 'गुलामी से मुक्त होते ही मैं नौ साल के जीर्ण रोग से भी मुक्त हो गया' – प्रेमचंद के इस कथन को स्पष्ट कीजिए।
18 कमला अपने आदमी से डयवोर्स करना क्यों चाहती थी?
19 नीलकंठ ने सेनापति और संरक्षक का कर्तव्य कैसे निभाया?
20 हरिशंकर परसाई के अनुसार आजकल के बुद्धिजीवी क्या कर रहे हैं?
21 'जहाँ आकाश नहीं दिखाई देता' नामक रिपोर्ताज़ की विशेषताएँ कौन-कौन सी है?
22 'स्त्रीघर' नामक डायरी में अभिव्यक्त नारी-विमर्श को स्पष्ट कीजिए।

**III निर्देशः किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर करीब 120 शब्दों में दीजिए।** **(6 x 4 = 24)**

23 "मनुष्य के विकास केलिए संस्कृति के विकास की भी आवष्यकता है।" – 'नई संस्कृति की ओर' शीर्षक निबंध के आधार पर इसकी आलोचना कीजिए।

24 “गिल्लू” शीर्षक संस्मरण में लेखिका ने एक गिलहरी को मानवीय संवेदना के व्यापक धरातल पर प्रतिष्ठित किया है” - स्पष्ट कीजिए।

25 “अपनी-अपनी हैसियत” में अभिव्यक्त व्यंग्य पर विचार कीजिए।

26 “आज भी ‘ताज’ अपने अलौकिक सौंदर्य से संसार को लुभा रहा है” – ‘ताज’ निबंध के आधार पर इसे स्पष्ट कीजिए।

27 कमला का चरित्र-चित्रण कीजिए।

28 ‘चीडों पर चाँदनी’ यात्रावृत्त का परिचय दीजिए।

29 ‘जहाँ आकाश नहीं दिखाई देता’ रिपोर्ताज़ का सारांश लिखिए।

30 ‘नीलकंठः मोर’ रेखाचित्र की आलोचना कीजिए।

31 ‘स्त्रीघर’ में वर्णित गोवा का परिचय दीजिए।

**IV निर्देशः किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर करीब 250 शब्दों में दीजिए।** (2 x 15 = 30)

32 रामचन्द्र शुक्लजी के ‘क्रोध’ निबंध में अभिव्यक्त क्रोध की मानसिकता तथा सामाजिक जीवन में उसके महत्व पर प्रकाश डालिए।

33 “समाज को योग्य नागरिकों की ज़रूरत है, नेताओं की नहीं।” – ‘नेता नहीं नागरिक चाहिए’ निबंध के आधार पर दिनकरजी के विचारों को स्पष्ट कीजिए।

34 ‘मेरा जीवन’ नामक आत्मवृत्त के आधार पर प्रेमचंद के जीवन-संघर्ष का परिचय दीजिए।

35 ‘करकमल हो गये’ में अभिव्यक्त व्यंग्य पर विचार कीजिए।

# Model Question Paper

**FIRST SEMESTER BA/B SC DEGREE EXAM**
**First Degree Programme Under CBCSS**
**HINDI LANGUAGE AND LITERATURE**
**Complementary Course –1**

## HN 1131 SECRETARIAL PRACTICE AND OFFICIAL CORRESPONDENCE IN HINDI (2013 Admission)

Time: 3 Hrs. Marks: 80

**I निर्देशः एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए।** **(10 x 1 =10)**

1 लोकसभा और राज्यसभा को मिलाकर क्या कहते हैं?
2 कार्यालय ज्ञापन हमेशा किस पुरुष में लिखा जाता है?
3 Liaison Officer केलिए प्रयुक्त हिंदी शब्द क्या है?
4 Parliamentary Secretary केलिए प्रयुक्त हिंदी शब्द क्या है?
5 राज्य सभा का पदेन सभापति कौन हैं?
6 केन्द्रीय सचिवालय का सर्वोच्च अधिकारी कौन हैं?
7 अर्धसरकारी पत्र ........ पुरुष में लिखा जाता है।
8 'उपर्युक्त' शब्द का अंग्रेज़ी शब्द लिखिए।
9 'कानून सलाहकार' केलिए प्रयुक्त अंग्रेज़ी शब्द क्या है?
10 '…को प्रतिलिपि प्रेषित' - इसकेलिए प्रयुक्त अंग्रेज़ी शब्द लिखिए।

**II निर्देशः किन्हीं आठ प्रश्नों के लघु उत्तर (करीब 50 शब्दों में) दीजिए।** **(8 x 2 =16)**

11 आलेख क्या है?
12 परिपत्र का परिचय दीजिए।
13 कार्यालय ज्ञापन का परिचय दीजिए।
14 विधानांग से क्या तात्पर्य है?
15 राष्ट्रपति का कार्य क्या-क्या हैं?
16 'सरकारी कार्यालयों में आलेखन की आवश्यकता' – टिप्पणी लिखें।
17 सरकारी पत्र-लेखन में किन-किन बातों पर ध्यान देना चाहिए?
18 'ज्ञापन' का प्रयोग किन-किन कार्यों केलिए होता है?
19 सामान्य पत्र की बाह्य रूपरेखा कैसी होती हैं?
20 अधिसूचना का प्रयोग कब किया जाता है?
21 सरकारी पत्र के महत्वपूर्ण अंग क्या-क्या हैं?
22 प्रेस विज्ञप्ति और प्रेस नोट का अंतर स्पष्ट कीजिए।

**III निर्देशः किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर करीब 120 शब्दों में दीजिए।** **(6 x 4 = 24)**

23 "पत्र-व्यवहार की आवश्यकता" – टिप्पणी लिखिए।
24 प्रारंभिक आलेखन के अन्तर्गत आनेवाले पत्रों का प्रतिपादन कीजिए।
25 एक सरकारी पत्र की रूपरेखा तैयार करें।
26 प्रशासन तंत्र के आधार पर उनके अंगों का विवरण कीजिए।
27 मंत्रि-परिषद् के बारे में एक लेख लिखिए।
28 एक निमंत्रण पत्र तैयार कीजिए।
29 पृष्ठांकन से क्या तात्पर्य है?

30 पारिवारिक पत्र की विशेषताएँ क्या-क्या हैं?

31 निम्नलिखित अवतरण को **एक तिहाई** में संक्षिप्त करके लिखिए।

मनुष्य मात्र की यह स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है कि वह अपने भावों तथा विचारों को दूसरों पर प्रकट करें और स्वयं बडी उत्सुकता से दूसरों के भावों और विचारों को सुने और समझे। वह अपनी कल्पना की सहायता से जीव तथा जगत के विविध विषयों के संबंध में कितनी ही बातें सोचता है तथा वाणी के द्वारा उन्हें व्यक्त करने की चेष्टा करता है। वाणी का वरदान उसे चिरकाल से प्राप्त है और उसका उपयोग भी वह चिरकाल से करता आ रहा है। यह सत्य है कि सब मनुष्यों में न तो अभिव्यंजन की शक्ति एक-सी होती है और न सब मनुष्यों के अनुभवों की मात्रा तथा विचारों की गंभीरता ही एक-सी होती है, परंतु साधारणतः यह प्रवृत्ति प्रत्येक मनुष्य में पाई जाती है। मनुष्य की इसी प्रवृत्ति की प्रेरणा से ज्ञान और आनंद के उस भण्डार का सृजन, संचय और संवर्द्धन होता हैं जिसे हम साहित्य कहते हैं।

साहित्य के मूल में स्थित इन मनोवृत्तियों के अतिरिक्त एक दूसरी प्रवृत्ति भी हैं जो सभ्य मानव-समाज में सर्वत्र पाई जाती है और जिसके साहित्य में एक अलौकिक चमत्कार तथा मनोहारिता आ जाती है। इसे हम सौंदर्यप्रियता की भावना कह सकते हैं। सौंदर्यप्रियता की भावना ही शुद्ध साहित्य को एक ओर तो जटिल और नीरस दार्शनिक तत्वों से अलग करती है तथा दूसरी ओर मानव मात्र केलिए आकर्षक बना देती है।

**IV निर्देशः किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर करीब 250 शब्दों में दीजिए। (2 x 15 = 30)**

32 प्रारूप क्या है? अच्छा प्रारूप तैयार करने केलिए किन-किन बातों पर ध्यान देना चाहिए।

33 स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से यह सूचित कीजिए कि उपसचिव श्रीवास्तव ने अपने मकान परिवर्तित किया है। यह सूचना वित्त मंत्रालय को दीजिए।

34 राजभाषा संबंधी संवैधानिक स्थिति और वर्तमान समस्याओं पर विचार कीजिए।

35 मनी आर्ड़र न मिलने के कारण डाकपाल को एक शिकायती पत्र तैयार कीजिए।

**Model Question Paper**

**FIRST SEMESTER BA/B S DEGREE EXAM**

**First Degree Programme Under CBCSS**

**HINDI LANGUAGE AND LITERATURE**

**Complementary Course – II**

**HN 1132: HISTORY OF INDIA: MEDIEVAL & MODERN PERIOD OF INDIA (2013 admission)**

**Time: 3 Hrs.** **Marks: 80**

**I निर्देशः एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए।** **(10x1=10)**

1 'इतिहास के पिता' कौन हैं?

2 'हिस्टाय' का अर्थ क्या है?

3 सिखों के गुरु अर्जुनसिंह को किसने मारा था?

4 कांग्रेस का दूसरा अधिवेशन कब और कहाँ हुआ?

5 डी. डी. कोशाम्बी के इतिहास की परिभाषा क्या है?

6 'निकास का सिद्धांत' का परिचय दीजिए।

7 प्रथम गोलमेज़ सम्मेलन कब हुआ था?

8 ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना कब हुई?

9 गाँधीजी का जन्म कब और कहाँ हुआ?

10 इंदिरा गाँधी कौन थी? उसकी हत्या किस साल में हुई?

**II निर्देशः किन्हीं आठ प्रश्नों के लघु उत्तर करीब 50 शब्दों में दीजिए।(8x2=16)**

11 विजय नगर साम्राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रकाश डालिए।

12 मराठा शक्ति और शिवाजी के बारे लिखिए।

13 भारत में अपने साम्राज्य की स्थापना में अंग्रेज़ों की सफलता के कारण क्या-क्या थे?

14 सन् 1857 ई. के विद्रोह पर विचार कीजिए।

15 मुस्लिम लीग की स्थापना का उद्देश्य क्या था?

16 जालियनवाला बाग हत्याकांड पर प्रकाश डालिए।

17 ताजमहल का निर्माण किसने और क्यों किया?

18 शिवाजी के पतन के दो कारण बताइए।

19 विजयनगर साम्राज्य की स्थापना किसने की? बहमनी राज्य का जन्म कब हुआ और इसकेलिए किसने प्रयत्न किया?

20 तुंगभद्रा पर किसने बाँध बनवाया और क्यों?

21 'पालीगार प्रणाली' क्या है?

22 विजयनगर साम्राज्य के प्रमुख शासक का परिचय दीजिए।

**III निर्देशः किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर करीब 120 शब्दों में दीजिए। (6x4=24)**

23 अकबर के प्रशासनिक सुधार के बारे में लिखिए।

24 मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने और कब की?

25 'भारत छोडो आन्दोलन' का मूल्यांकन कीजिए।

26 'नमक सत्याग्रह' पर विचार कीजिए।

27 मुगलकालीन साहित्य और चित्रकला का परिचय दीजिए।

28 कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन की भूमिका लिखिए।

29 'फूट डालो और शासन करो' नीति किसकी थी और उद्देश्य क्या रहा था?

30 स्वाधीनता संग्राम में महात्मा गाँधी के योगदान पर विचार कीजिए।

31 खिलाफत और असहयोग आन्दोंलन - स्पष्ट कीजिए।

**IV निर्देशः किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर करीब 250 शब्दों में दीजिए। (2x15=30)**

32 मुगल सम्राट कौन-कौन थे? उनमें अकबर के प्रशासनिक सुधार कार्य बताइए।

33 गाँधीजी के राजनीतिक विचारों पर प्रकाश डालिए।

34 भारत के स्वतंत्रता संग्राम की संक्षिप्त भूमिका दीजिए।

35 सोलहवीं-सत्रहवीं सदियों में भारतीय संस्कृति का संक्षिप्त परिचय दीजिए।